# आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: jdacad@gmail.com

क्रमांकः एफ.7(4)कैलेंडर/अकाद/आकाशि/2022/ दिनांकः

प्राचार्य,
समस्त राजकीय एवं निजी महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषय :— ग्रीष्मावकाश बाबत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रदेश की समस्त राजकीय/निजी महाविद्यालयों में विगत सामान्य अकादमिक सत्रों की भांति सत्र 2023—24 में भी ग्रीष्मावकाश दिनांक 01 मई, 2024 से 30 जून 2024 तक रहेगा।

प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा प्रथम वर्ष से सेमेस्टर प्रणाली लागू की गयी है। अतः ग्रीष्मावकाश अवधि के दौरान सेमेस्टर का अध्यापन कार्य, सेमेस्टर परीक्षा कार्य, वार्षिक परीक्षा कार्य एवं आगामी अकादमिक सत्र के प्रवेश कार्य इत्यादि के लिए प्राचार्य द्वारा आवश्यकतानुसार संकाय सदस्यों को ग्रीष्मावकाश के दौरान रोका जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा आम—चुनाव 2024 के दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता पूरे प्रदेश में प्रभावी होने के कारण संकाय सदस्य को ग्रीष्मावकाश उपभोग से पूर्व प्राचार्य से अनुमति प्राप्त करनी होगी। ग्रीष्मावकाश के दौरान मुख्यालय छोडने की अनुमति प्राचार्य के साथ साथ सम्बन्धित निर्वाचन विभाग से भी लेनी होगी।

ग्रीष्मावकाश में राजकीय महाविद्यालय के आवश्यक कार्य हेतु रोके जाने वाले संकाय सदस्यों की कार्य विवरण सहित सम्पूर्ण जानकारी आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा को भेजा जाना सुनिश्चित करें एवं किये गये राजकार्य के फलस्वरूप देय उपार्जित अवकाश की स्वीकृति आयुक्तालय से अनुमोदन पश्चात् ही जारी करें।

(पुखराज सेन)
आयुक्त

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थः—

1. निजी सचिव, माननीय उप मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
3. निजी सचिव, आयुक्त, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर।
4. निजी सचिव, अतिरिक्त आयुक्त, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर।
5. वेब प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा को अपलोड करने हेतु।

(पुखराज सेन)
आयुक्त

RajKaj Ref
6613441

Document certified by PUKHRAJ SEN <Pukhrajsen1@gmail.com>.

Digitally Signed by Pukhraj Sen
Designation : Commissioner
Date :14-04-2024 12:02:52